www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# UGC NET Paper 2 June 27, 2010 Shift 1 Sociology Question Paper

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) __________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) __________________________
   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ....................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.______________________________
(In words)

**J 0 5 1 0**

**Test Booklet No.**

Time : $1\frac{1}{4}$ hours]

## PAPER-II
## SOCIOLOGY

[Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **8**

Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered in the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ⬤ (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **Answer Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the test booklet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and OMR Answer sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका की क्रम संख्या OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** (A) (B) ⬤ (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये उत्तर-पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं OMR उत्तर-पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**

# SOCIOLOGY
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions, each question carrying **two (2)** marks. Attempt **all** the questions.

**1.** Who among the following authors initially used the term 'social physics' for Sociology ?

(A) Spencer (B) Comte
(C) Tonnies (D) Weber

**2.** An author thought of 'society to be consisting in the consciousness of kind'.
Identify from among the following :

(A) Cooley (B) Ward
(C) Simmel (D) Giddings

**3.** What does the social relationship primarily involve ?

(A) Institutions
(B) Religion
(C) Consciousness of other people
(D) Associations

**4.** A group organised to achieve a certain purpose is known as which among the following ?

(A) Institution (B) Community
(C) Association (D) State

**5.** Who among the following thought of religion to an opium of the people ?

(A) Freud (B) Mosca
(C) Marx (D) Durkheim

**6.** Who said : "Civilisation is always advancing but not culture." ?

(A) Johnson (B) MacIver
(C) Toynbee (D) Berger

**7.** Match the authors (List – I) with their books (List – II) :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| (a) | MacIver | 1. | Invitation to Sociology |
| (b) | Davis | 2. | Society |
| (c) | Berger | 3. | The Social Order |
| (d) | Bierstedt | 4. | Human Society |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (B) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (C) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (D) | 2 | 4 | 1 | 3 |

**8.** Which is the basic distinction between culture and civilization ?

(A) Culture is what we have achieved and civilization is what we aspire to achieve.
(B) Culture is what comes out of intelligence but civilization is what comes out of experience.
(C) Culture is secondary but civilization is primary.
(D) Culture is what we are and civilization is what we have.

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

## समाजशास्त्र
## प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें ।

**1.** निम्नांकित लेखकों में से किसने समाजशास्त्र के लिये 'सामाजिक भौतिकी' पद का सर्वप्रथम उपयोग किया है ?

(A) स्पेंसर  (B) कॉम्ते
(C) टॉनीस  (D) वेबर

**2.** एक लेखक ने समाज को एक समान होने की चेतना में अंतर्विष्ठ समझा है ।

निम्नांकित में से उसे पहचानें ?

(A) कूले  (B) वार्ड
(C) ज़िमेल  (D) गिडिंग्स

**3.** सामाजिक सम्बन्ध निम्नांकित में से किसके साथ प्राथमिक रूप से जुड़े हैं ?

(A) संस्थाएँ
(B) धर्म
(C) लोगों की चेतना
(D) समितियाँ

**4.** एक विशेष उद्देश्य को प्राप्त करने के लिये संगठित समूह को निम्नांकित में से क्या कहते हैं ?

(A) संस्था  (B) समुदाय
(C) समिति  (D) राज्य

**5.** निम्नांकित में से किसने धर्म को लोगों की अफीम समझा है ?

(A) फ्रॉयड  (B) मॉस्का
(C) मार्क्स  (D) दुर्खीम

**6.** किसने कहा : "सभ्यता सदैव आगे बढ़ रही होती है, परन्तु संस्कृति नहीं" ?

(A) जॉन्सन  (B) मैकाइवर
(C) टॉयन्बी  (D) बर्जर

**7.** सूची–I (लेखक) को सूची–II (उनकी पुस्तकें) के साथ सुमेलित करें :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (a) मैकाइवर | (1) इन्विटेशन टू सोशियोलॉजी |
| (b) डेविस | (2) सोसाइटी |
| (c) बर्जर | (3) दी सोशल ऑर्डर |
| (d) बियरस्टेड | (4) ह्यूमन सोसाइटी |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (B) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (C) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (D) | 2 | 4 | 1 | 3 |

**8.** संस्कृति और सभ्यता के बीच मूलभूत अन्तर क्या है ?

(A) संस्कृति वह है जिसे हमने प्राप्त कर लिया है और सभ्यता वह है जिसे हम प्राप्त करने की आकांक्षा करते हैं ।

(B) संस्कृति का सम्बन्ध बुद्धि से है और सभ्यता का सम्बन्ध अनुभव के साथ है ।

(C) संस्कृति गौण है परन्तु सभ्यता प्राथमिक है ।

(D) हम जो हैं वही संस्कृति है और हमारे पास जो कुछ है वह सभ्यता है ।

Prepp
Your Personal Exams Guide

9. Ceremonies that mark a critical transition in the life of an individual from one phase of life-cycle to another are called

(A) Role-taking

(B) Rites of Passage

(C) Status Crystallisation

(D) Status set

10. Who among the following gave the concept of anticipatory socialisation ?

(A) Merton (B) Parsons

(C) Homans (D) Sumner

11. Read the following two statements (A) Assertion and (R) Reason, and select the correct answer from the codes given below :

**Assertion (A) :** Monogamy is the most common form of marriage in the contemporary society.

**Reason (R) :** Status of women gets enhanced only through monogamy.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

12. Match List – I with List – II by using the codes given below :

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| (a) | Ingroup and outgroup | 1. | Homans |
| (b) | Primary and secondary group | 2. | Tonnies |
| (c) | Gemeinschaft and Gesellschaft | 3. | Cooley |
| (d) | Closed and open groups | 4. | Sumner |
| | | 5. | Durkheim |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (B) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (C) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (D) | 4 | 1 | 3 | 2 |

13. When a girl of the higher caste marries a boy of the lower caste, the system is known as

(A) Levirate (B) Anuloma

(C) Sororate (D) Pratiloma

14. In the matriarchal family the position of a Woman is recognised to be supreme in all matters.
Which of the following is <u>not</u> its characteristic ?

(A) Descent is reckoned through mother.

(B) Marriage relations are not permanent.

(C) Wife lives in the house of her husband.

(D) Property is inheritable by the females.

www.prepp.in
Prepp Your Personal Exams Guide

**9.** जो अनुष्ठान जीवन चक्र के एक चरण से दूसरे में व्यक्ति के जीवन में महत्त्वपूर्ण संक्रमण बिन्दु होते हैं, वे कहलाते हैं

(A) भूमिका निभाना

(B) जीवन-यात्रा के संस्कार

(C) प्रस्थिति को निश्चित रूप देना

(D) विन्यास (स्टेटस सेट)

**10.** प्रत्याशी समाजीकरण की अवधारणा निम्नांकित में से किसने दी है ?

(A) मर्टन

(B) पारसन्स

(C) होमेन्स

(D) समनर

**11.** निम्नांकित दो कथन – अभिकथन (A) और कारण (R) पढ़िये, और नीचे दिये कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिये :

**अभिकथन (A) :** समकालिक समाज में विवाह का सर्वाधिक सामान्य रूप एक-विवाह प्रथा है ।

**कारण (R) :** स्त्रियों का सामाजिक स्तर केवल एक-विवाह प्रथा के जरिये ऊँचा उठता है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

**12.** सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित कीजिये और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची–I** | **सूची–II** |
|---|---|
| (a) अंत:समूह एवं बाह्य समूह | 1. होमेंन्स |
| (b) प्राथमिक और गौण समूह | 2. टॉनीज़ |
| (c) समुदाय (गेमाइनशाफ्ट) और समिति (गेज़ेलशाफ्ट) | 3. कूले |
| (d) संवृत और विवृत समूह | 4. समनर |
| | 5. दुर्खीम |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (B) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (C) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (D) | 4 | 1 | 3 | 2 |

**13.** जब उच्च जाति की लड़की निम्न जाति के लड़के के साथ विवाह करती है, तो यह व्यवस्था कहलाती है

(A) देवर अधिकार (लेविरेट)

(B) अनुलोम

(C) साली विवाह अधिकार (सॉरोरेट)

(D) प्रतिलोम

**14.** मातृसत्तात्मक परिवार में स्त्री की स्थिति को समस्त मामलों में सर्वोच्च माना जाता है ।

निम्नांकित में से कौन सी विशेषता इसकी <u>नहीं</u> है ?

(A) वंश परम्परा माँ के जरिये चलती है ।

(B) विवाह सम्बन्ध स्थायी नहीं है ।

(C) पत्नी अपने पति के घर में रहती है ।

(D) स्त्रियों को सम्पत्ति उत्तराधिकार से प्राप्त होती है ।

Prepp
Your Personal Exams Guide

**15.** Who has given the concept of atomistic family ?

(A) Murdock

(B) Zimmerman

(C) Durkheim

(D) Warner

**16.** Match List – I (Rules of Restriction) with List – II (Name of Rule) and select the correct answer using the code given below the list :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| (a) | One should seek a spouse from outside one's descent group. | 1. | Pratiloma |
| (b) | Women of the higher caste cannot marry men of lower caste. | 2. | Exogamy |
| (c) | One should marry only within one's caste group. | 3. | Anuloma |
| (d) | The men of higher caste could marry women of lower caste. | 4. | Endogamy |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (D) | 2 | 1 | 4 | 3 |

**17.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| | **List – I (Authors)** | | **List – II (Books)** |
|---|---|---|---|
| (a) | Peter Worsley | 1. | The Stages of Economic Growth |
| (b) | W.W. Rostow | 2. | Under development or Revolution |
| (c) | Andre Gunder Frank | 3. | The Third World |
| (d) | Reinhard Bendix | 4. | Nation Building and Citizenship : Studies of Our Changing Social Order |
| | | 5. | Asian Drama |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 5 | 3 |
| (B) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (C) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (D) | 4 | 1 | 2 | 5 |

**18.** There is a lot of difference between ancient and modern bureaucracies. Which factor among the following does not denote this difference ?

(A) Greater specialization of functions

(B) Vastness of modern bureaucracy

(C) Dominant aspect of society

(D) Hierarchy of command.

**19.** The 'looking glass self' means that we learn who we are

(A) by self feeling

(B) by an act of imitation

(C) by other people's experience with us

(D) by imagining ourselves to be someone else

www.prepp.in

15. व्यष्टिक परिवार की अवधारणा किसने प्रस्तुत की है ?

(A) मरडॅक

(B) ज़िम्मरमैन

(C) दुर्खीम

(D) वॉरनर

16. सूची–I (प्रतिबंधों के नियम) को सूची–II (नियमों के नाम) के साथ सुमेलित कीजिये और नीचे दिये कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिये :

| सूची–I | सूची–II |
|---|---|
| (a) अपने वंशानुक्रम समूह के बाहर से जीवनसाथी के लिये चेष्टा करनी चाहिये । | (1) प्रतिलोम |
| (b) उच्च जाति की स्त्री निम्न जाति के पुरुष से विवाह नहीं कर सकती है । | (2) बहिर्विवाह |
| (c) अपनी जाति के अन्दर ही विवाह करना चाहिये । | (3) अनुलोम |
| (d) उच्च जाति के पुरुष निम्न जाति की स्त्री से विवाह कर सकते हैं । | (4) अंतर्विवाह |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (D) | 2 | 1 | 4 | 3 |

17. सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित कीजिये और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिये :

| सूची–I (लेखक) | सूची–II (पुस्तक) |
|---|---|
| (a) पीटर वॉर्सले | (1) दी स्टेज़स् ऑफ इकोनोमिक ग्रोथ |
| (b) डब्ल्यू.डब्ल्यू. रोस्टो | (2) अंडरडेवेलपमेंट ओर रेवोल्यूशन |
| (c) आंद्रे गुन्दर फ्रैंक | (3) दी थर्ड वर्ल्ड |
| (d) राइनहार्ड बेंडिक्स | (4) नेशन बिल्डिंग एण्ड सिटिज़नशिप : स्ट्डीस् ऑफ ऑवर चेंजिंग सोशल ऑर्डर |
| | (5) एशियन ड्रामा |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 5 | 3 |
| (B) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (C) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (D) | 4 | 1 | 2 | 5 |

18. प्राचीन और आधुनिक नौकरशाही के बीच में काफी अन्तर है । निम्नांकित में से कौन सा कारक इस अन्तर को इंगित नहीं करता है ?

(A) कार्यों का ज्यादा बड़ा विशिष्टीकरण

(B) आधुनिक नौकरशाही की विशालता

(C) समाज के प्रभावशाली पहलू

(D) आदेश अधिक्रम

19. 'लुकिंग–ग्लास सेल्फ' का अर्थ है कि हम सीखते हैं कि हम कौन हैं :

(A) स्व-भावना के द्वारा

(B) अनुकरण द्वारा

(C) हमारे साथ दूसरे लोगों के अनुभव के द्वारा

(D) अपने को कोई अन्य व्यक्ति होने जैसी कल्पना द्वारा

Prepp
Your Personal Exams Guide

**20.** The 'super ego' according to Freud represents the part of an individual's personality that was created

(A) through socialization during the formative years.

(B) through socialization in the old age.

(C) through socialization process which occurs throughout one's life.

(D) none of the above

**21.** Which one of the following is not a functional utility of social stratification ?

(A) It helps in providing opportunities.

(B) It develops a spirit of struggle.

(C) It helps in deciding responsibility of everyone in the society.

(D) It helps in identifying unsuitable persons in society.

**22.** Which of the following theories makes us believe that caste system is not of human but of divine origin ?

(A) Racial theory

(B) Political theory

(C) Occupational theory

(D) Traditional theory

**23.** Which one of the following is an essential element of the social class ? Feeling of

(A) equality among the members of a class.

(B) superiority against those who are at the lower ladder of status.

(C) inferiority against those who are at the higher ladder of status.

(D) all the above.

**24.** Consider the following statements :

Sanskritization is the process of

1. Orthogenetic change
2. Heterogenetic change
3. Change in cultural structure
4. Change in social structure

Which of the statement given above are correct ?

(A) 1 and 3 (B) 1 and 4

(C) 2 and 3 (D) 2 and 4

**25.** Which of the following concepts are applied to analyse the process of civilization change ?

(A) Gemeinschaft and Gesellschaft

(B) Zweckrational and Wertrational

(C) Mechanical and Organic Solidarity

(D) Sensate and Ideational Culture

**26.** Match List – I with List – II and select the correct answer using the codes given below the list :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Ethnic | 1. Naga Movement |
| (b) Reform | 2. Jharkhand Movement |
| (c) Secessionist | 3. Birsa Movement |
| (d) Subnational | 4. Bhakti Movement |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (B) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (C) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (D) | 1 | 2 | 3 | 4 |

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**20.** फ्रॉयड के अनुसार 'सुपर इगो' (परा अहम्) व्यक्ति के व्यक्तित्व के उस भाग को प्रस्तुत करता है, जो निम्नलिखित के जरिये सृजित हुआ है :

(A) रचनात्मक वर्षों के दौरान समाजीकरण

(B) वृद्धावस्था में समाजीकरण

(C) समाजीकरण की प्रक्रिया जो व्यक्ति के समस्त जीवन में घटती है

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**21.** सामाजिक स्तरीकरण की प्रकार्यात्मक उपयोगिता निम्नांकित में से कौन सी नहीं है ?

(A) यह अवसर प्रदान करने में सहायता करती है ।

(B) यह तीव्र संघर्ष की भावना विकसित करती है ।

(C) यह समाज में प्रत्येक का उत्तरदायित्व निश्चित करने में सहायता करती है ।

(D) यह समाज में अनुपयुक्त व्यक्तियों की पहचान करने में सहायता करती है ।

**22.** निम्नांकित में से कौन सा सिद्धान्त हमें विश्वास दिलाता है कि जाति प्रथा मानवीय नहीं वरन् दिव्य मूल की है ?

(A) प्रजातिगत सिद्धान्त

(B) राजनीतिक सिद्धान्त

(C) पेशा-सम्बन्धी (या व्यावसायिक) सिद्धान्त

(D) पारम्परिक सिद्धान्त

**23.** सामाजिक वर्ग के लिये निम्नांकित में से कौन सा अनिवार्य है ?

(A) वर्ग के सदस्यों के मध्य समानता ।

(B) जो सामाजिक स्थिति (प्रस्थिति) के निम्नतम सोपान पर है उनके सापेक्ष उच्चता ।

(C) जो प्रस्थिति के ज्यादा उच्च सोपान पर है उनके सापेक्ष निम्नता ।

(D) उपर्युक्त सभी ।

**24.** निम्नांकित कथनों पर विचार करें :

संस्कृतिकरण निम्नांकित की प्रक्रिया है –

(1) ऋजुजननीय परिवर्तन (ऑर्थोजिनेटिक)

(2) अलिंगजनित परिवर्तन (हेटेरॉजिनेटिक)

(3) सांस्कृतिक संरचना में परिवर्तन

(4) सामाजिक संरचना में परिवर्तन

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा सही है ?

(A) 1 और 3

(B) 1 और 4

(C) 2 और 3

(D) 2 और 4

**25.** सभ्यता में परिवर्तन की प्रक्रिया का विश्लेषण करने के लिये निम्नांकित में से कौन सी अवधारणा प्रयुक्त होती है ?

(A) गेमाइनशाफ्ट (बंधु समाज या समुदाय) और गेजेलशाफ्ट (समिति) ।

(B) ज़्वैकरेशनल और वर्टरेशनल ।

(C) यान्त्रिक और जैविक (सावयवी) एकता ।

(D) इन्द्रियपरक और विचारपरक संस्कृति ।

**26.** सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची–I** | | **सूची–II** |
|---|---|---|
| (a) नृजातीय | 1. | नागा आन्दोलन |
| (b) सुधार | 2. | झारखंड आन्दोलन |
| (c) अलगाववादी | 3. | बिरसा आन्दोलन |
| (d) अर्द्ध राष्ट्रीय | 4. | भक्ति आन्दोलन |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (B) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (C) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (D) | 1 | 2 | 3 | 4 |

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

**27.** Who propounded the theory of 'Internal Structure of Role' ?

(A) Radcliffe-Brown

(B) Nadel

(C) Levistrauss

(D) Murdock

**28.** Who among the following formulated the theory of 'Middle Class' within the Marxian framework ?

(A) Collins (B) Coser

(C) Dahrendorf (D) Engles

**29.** According to Radcliffe-Brown, which of the following does not contribute to the integration and survival of the society ?

(A) Kinship system

(B) Leadership

(C) Lineage

(D) Rituals

**30.** Which of the following requisites is applicable to symbolic system of Malinowski ?

(A) Production and distribution of consumer goods

(B) Social control and regulation of behaviour

(C) Organisation and execution of authority

(D) Communal rhythm in daily life and activities

**31.** In which of the following statements, Durkheim has identified the indirect functions of crime ?

(A) Collective sentiment against the infringement of norms

(B) Fear of punishment

(C) Flexibility in society

(D) None of the above

**32.** Who has advocated that functional analysis need not be confined to society as a whole but it can be extended to an organisation, institution or group ?

(A) Levistrauss (B) Malinowski

(C) Parsons (D) Merton

**33.** There are two statements, one Assertion (A) and other is Reason (R). Select the correct answer from the codes given below :

**Assertion (A) :** Social analysis of action is ultimately concerned with individuals and not collectivities.

**Reason (R) :** Collectivities are treated as solely the resultants and modes of organisation of particular acts of individuals and hence these alone can be treated as agents in a course of subjectively understandable action.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**27.** 'भूमिका की आंतरिक संरचना' का सिद्धान्त किसने प्रतिपादित किया है ?

(A) रेडक्लिफ ब्राउन

(B) नाडेल

(C) लेविस्ट्रॉस

(D) मरडॅक

**28.** मध्यम वर्ग सिद्धान्त को मार्क्सवादी रूपरेखा के अंतर्गत निम्नांकित में से किसने प्रतिपादित किया है ?

(A) कॉलिन्स

(B) कोज़र

(C) डेहरनडॉर्फ

(D) एंजिल्स

**29.** रेडक्लिफ ब्राउन के अनुसार समाज के एकीकरण और उत्तरजीविता के प्रति निम्नांकित में से कौन योगदान नहीं करता है ?

(A) सगोत्रता व्यवस्था

(B) नेतृत्व

(C) वंशावली

(D) धार्मिक अनुष्ठान

**30.** मेलिनॉवस्की की प्रतीकात्मक व्यवस्था में कौन सी अपेक्षा प्रयुक्त नहीं होती है ?

(A) उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादन और वितरण ।

(B) सामाजिक नियन्त्रण और व्यवहार का विनियमन ।

(C) संगठन और सत्ता या प्राधिकार को अमल में लाना ।

(D) दैनिक जीवन एवं गतिविधियों में सामुदायिक सामंजस्य ।

**31.** अपराध के अप्रत्यक्ष कार्यों को दुर्खीम ने निम्नांकित में से किस कथन में पहचाना है ?

(A) मानकों के उल्लंघन के विरुद्ध सामूहिक मनोभाव ।

(B) दंड का भय ।

(C) समाज का लचीलापन ।

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं ।

**32.** किसने समर्थन किया कि प्रकार्यात्मक विश्लेषण को सम्पूर्ण समाज तक परिसीमित रहने की आवश्यकता नहीं है परन्तु इसे संगठन, संस्थान या समूह तक विस्तरित किया जा सकता है ?

(A) लेविस्ट्रॉस

(B) मेलिनॉवस्की

(C) पारसन्स

(D) मर्टन

**33.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है । नीचे दिये कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन करें :

**अभिकथन (A) :** क्रिया (या कृत्य) के सामाजिक विश्लेषण का सम्बन्ध अंततः व्यक्तियों के साथ होता है समूहों के साथ नहीं ।

**कारण (R) :** समूहों को, व्यक्तियों के विशेष कृत्यों के मात्र परिणामों और संगठन के रूप में ही समझा जाता है और इसलिये केवल इन्हें ही व्यक्तिनिष्ठ रूप से समझने योग्य कृत्य का एजेन्ट समझा जा सकता है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

**34.** Which of the following is applicable to Pareto's Logical Action ?
(A) Subjectively logical action
(B) Objectively logical action
(C) Both subjectively and objectively logical action
(D) None of the above

**35.** Which of the following is associated with basic principles of symbolic interaction ?
(A) People cannot modify the symbols used in interaction.
(B) People can modify the symbols used in interaction based on subjective understanding.
(C) People are able to modify or alter the symbols used in interaction based on the interpretation of situation.
(D) People can modify symbols used in interaction based on the capacity to think.

**36.** According to Marx, which of the following is considered to be the most crucial element for class struggle ?
(A) Class interest
(B) Class consciousness
(C) Class formation
(D) Class identity

**37.** Who was the first to use the comparative method or indirect experiment method in Sociology ?
(A) Max Weber
(B) Emile Durkheim
(C) Herbert Spencer
(D) V. Pareto

**38.** Who has used 'participant observation' method for collection of data ?
(A) A.R. Radcliffe-Brown
(B) B. Malinowski
(C) S.C. Dube
(D) N. K. Bose

**39.** Who has written on 'objectivity' in his methodological writings ?
(A) W. Dilthey
(B) Emile Durkheim
(C) Max Weber
(D) Daya Krishna

**40.** Match List – I with List – II and mark the correct answer from the codes given below the lists.

| **List – I (Books)** | **List – II (Authors)** |
|---|---|
| (a) Rules of Sociological Method | (i) Goode and Hatt |
| (b) Statistical Reasoning in Sociology | (ii) Max Weber |
| (c) Methodology of Social Sciences | (iii) Schuessler and Mueller |
| (d) Methods in Social Research | (iv) Emile Durkheim |
| | (v) P.F. Lazarsfeld |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**41.** Who has propounded the idea that we can treat social facts (phenomena) as things ?
(A) R.K. Merton
(B) Paul F. Lazarsfeld
(C) Emile Durkheim
(D) Max Weber

**34.** निम्नांकित में से कौन सा पारेटो की तर्कपूर्ण क्रिया की अवधारणा में अनुप्रयोज्य है ?

(A) व्यक्तिनिष्ठ रूप से तार्किक क्रिया ।
(B) वस्तुनिष्ठ रूप से तार्किक क्रिया ।
(C) व्यक्तिनिष्ठ और वस्तुनिष्ठ रूप दोनों से तार्किक क्रिया ।
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं ।

**35.** प्रतीकात्मक अंत:क्रिया के मूलभूत सिद्धान्तों के साथ कौन सा सम्बन्धित है ?

(A) अंत:क्रिया में उपयोग किये गये प्रतीकों को लोग बदल नहीं सकते हैं ।
(B) व्यक्तिनिष्ठ समझ पर आधारित अंत:क्रिया में उपयोग किये प्रतीकों को लोग बदल सकते हैं ।
(C) स्थिति के निर्वचन के आधार पर अंत:क्रिया में उपयोग किये प्रतीकों को लोग किंचित् या बिलकुल बदल सकते हैं ।
(D) सोचने की क्षमता के आधार पर अंत:क्रिया में उपयोग किये प्रतीकों को लोग बदल सकते हैं ।

**36.** मार्क्स के अनुसार निम्नांकित में से वर्ग संघर्ष के लिये कौन सा तत्त्व अति महत्त्वपूर्ण माना जाता है ?

(A) वर्ग हित (B) वर्ग चेतना
(C) वर्ग गठन (D) वर्ग की पहचान

**37.** समाजशास्त्र में तुलनात्मक पद्धति या अप्रत्यक्ष प्रयोग का इस्तेमाल सर्वप्रथम किसने किया ?

(A) मैक्स वेबर (B) एमाइल दुर्खीम
(C) हर्बर्ट स्पेंसर (D) वी. पारेटो

**38.** आँकड़े के संग्रह के लिये 'सहभागी अवलोकन' पद्धति का उपयोग किसने किया ?

(A) ए.आर. रेडक्लिफ-ब्राउन
(B) बी. मेलिनॉवस्की
(C) एस.सी. दुबे
(D) एन.के. बोस

**39.** किसने अपने क्रमबद्ध लेखों में 'वस्तुनिष्ठता' पर लिखा है ?

(A) डब्ल्यू. डिल्थे
(B) एमाइल दुर्खीम
(C) मैक्स वेबर
(D) दया कृष्णा

**40.** सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित कीजिये और नीचे दिये कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची–I (पुस्तक)** | **सूची–II (लेखक)** |
|---|---|
| (a) रूल्स ऑफ सोशियोलॉजिकल मैथड्स | (i) गुडे एवं हाट |
| (b) स्टैटिस्टिकल रिज़निंग इन सोशियोलॉजी | (ii) मैक्स वेबर |
| (c) मेथडॉलॉजी ऑफ सोशल साइन्सिस | (iii) शुसलर एवं मूलर |
| (d) मेथड्स इन सोशल रिसर्च | (iv) एमाइल दुर्खीम |
| | (v) पी.एफ. लेज़ारस्फेल्ड |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**41.** "सामाजिक तथ्यों (परिदृश्य) को सामाजिक वस्तुओं जैसा समझा जा सकता है ।" यह विचार किसने प्रतिपादित किया है ?

(A) आर.के. मर्टन
(B) पॉल एफ. लेज़ारस्फेल्ड
(C) एमाइल दुर्खीम
(D) मैक्स वेबर

**42.** Which type of question(s) are investigated in exploratory research design ?

(A) Why is it ? (B) What is it ?

(C) How is it ? (D) All the above

**43.** Which method is more suitable for collecting data from non-literate communities ?

(A) Questionnaire

(B) Observation

(C) Both (A) and (B)

(D) None of the above

**44.** Purpose of case study method is _____.

(A) To generalize about relationships.

(B) To explore desired relationships of a phenomenon.

(C) To explore maximum possible relationships of a phenomenon.

(D) To relate it to select relationships of a phenomenon.

**45.** Which average can be calculated from an open ended table ?

(A) Median and Mode

(B) Mode and Mean

(C) Mean and Median

(D) None of the above

**46.** When one variable is qualitative and another variable is quantitative, which measure will be for finding covariation between them ?

(A) Yule's (Q)

(B) Phi coefficient ( $\phi$)

(C) Rank correlation (P)

(D) Chi square ($\chi^2$)

**47.** Match List – I with List – II and mark the correct answer from the codes given below the lists.

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Participant Observation | (i) | Max Weber |
| (b) | Social Facts | (ii) | R.K. Merton |
| (c) | Versetehen | (iii) | Emile Durkheim |
| (d) | Middle range theory | (iv) | A.R. Radcliffe-Brown |
| | | (v) | W.F. Whyte |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (iii) | (i) | (ii) |
| (B) | (iv) | (iii) | (ii) | (v) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (iv) | (ii) | (i) | (v) |

**48.** Which of the following methods is known as probability sampling ?

(A) A sample selected by lottery from the totality.

(B) A sample selected of those who were available.

(C) A sample selected considering the purpose of research.

(D) A sample selected by considering the various categories of respondents.

**49.** Which one of the following statistics will be used to find out covariation between two qualitative variables ?

(A) Phi ($\phi$)

(B) Yule's Q

(C) Both (A) & (B)

(D) None of the above

**50.** In which one of the following concepts has M.N. Srinivas explained caste mobility as a process of Social and Cultural change ?

(A) Sanskritization

(B) Secularization

(C) Westernization

(D) Modernization

**42.** गवेषणात्मक शोध डिजाइन में किस प्रकार के प्रश्न (प्रश्नों) की छानबीन की जाती है ?
(A) यह क्यों है ?
(B) यह क्या है ?
(C) यह किस प्रकार है ?
(D) उपर्युक्त सभी

**43.** गैर-साक्षरों से आंकड़े एकत्रित करने के लिये कौन सी पद्धति ज्यादा उपयुक्त है ?
(A) प्रश्नावली
(B) प्रेक्षण (अवलोकन)
(C) (A) और (B) दोनों
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**44.** वैयक्तिक-अध्ययन पद्धति का उद्देश्य है
(A) सम्बन्धों के बारे में सामान्यीकरण करना ।
(B) परिदृश्य के वांछित सम्बन्धों की छानबीन करना ।
(C) परिदृश्य के अधिकतम संभावित सम्बन्धों की छानबीन करना ।
(D) परिदृश्य के चयनित सम्बन्धों से उसे सम्बन्धित करना ।

**45.** विवृत तालिका से कौन से माध्य की परिगणना की जा सकती है ?
(A) माध्यिका और बहुलक
(B) बहुलक एवं माध्य
(C) माध्य एवं माध्यिका
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**46.** जब एक चर गुणात्मक है और दूसरा चर परिमाणात्मक है तो उनके बीच सहविसरण ज्ञात करने के लिये किस माप का उपयोग किया जायेगा ?
(A) यूले का (Q)
(B) Phi गुणांक ($\phi$)
(C) कोटि सहसम्बन्ध (P)
(D) काई स्क्वेयर ($\chi^2$)

**47.** सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची–I** | **सूची–II** |
|---|---|
| (a) सहभागी अवलोकन | (i) मैक्स वेबर |
| (b) सामाजिक तथ्य | (ii) आर. मर्टन |
| (c) वर्सतेहन (बोधगम्यता) | (iii) एमाइल दुर्खीम |
| (d) मध्यक्षेत्रीय सिद्धान्त | (iv) ए.आर.रेडक्लिफ-ब्राऊन |
| | (v) डब्ल्यू.एफ. वाइट |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (iii) | (i) | (ii) |
| (B) | (iv) | (iii) | (ii) | (v) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (iv) | (ii) | (i) | (v) |

**48.** निम्नांकित पद्धतियों में से कौन सी प्रायिकता प्रतिचयन के नाम से जानी जाती है ?
(A) समष्टि से लॉटरी द्वारा चयनित प्रतिदर्श ।
(B) जो उपलब्ध हैं उनमें से चयनित प्रतिदर्श ।
(C) शोध के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए प्रतिदर्श का चयन ।
(D) विभिन्न वर्गों के उत्तरदाताओं को ध्यान में रखते हुए चयनित प्रतिदर्श ।

**49.** दो गुणात्मक चरों के बीच सहविसरण ज्ञात करने के लिये कौन सी सांख्यिकी का उपयोग किया जायेगा ?
(A) Phi ($\phi$)
(B) यूले का (Q)
(C) (A) और (B) दोनों
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**50.** एम.एन. श्रीनिवास ने निम्नांकित में से किस अवधारणा में सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिवर्तन के प्रक्रिया के रूप में जाति गतिशीलता की व्याख्या की है ?
(A) संस्कृतिकरण
(B) लौकिकीकरण
(C) पश्चिमीकरण
(D) आधुनिकीकरण

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Space For Rough Work**

Prepp Your Personal Exam Guide